# मुंबई: विदेशी शराब की बोतल में नकली शराब बेचने की साजिश में जुटे 3 गिरफ्तार

**News24**
News24Last Updated : Dec. 26, 2021, 10:33 a.m.



**मुंबई:** अगर आप भी शराब के बेहद शौकीन हैं तो सावधान हो जाएं ऊंची दुकान फीका पकवान वाली कहावत तो आपने सुनी ही होगी, महंगी शराब की जगह आपको सस्ती शराब ना परोसी जाएं इसलिए पहले से हो जाएं सावधान। 31 के पहले बाजार में असली शराब के नाम पर हजारों लीटर नकली और सस्ती शराब बाजार में आ चुकी है।

मुंबई आबकारी विभाग ने लाखों रुपये की देशी शराब विदेशी शराब की बोतलों में सील करके बेचने की तैयारी में जुटे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आबकारी विभाग ने लोगों से अपील की है कि वाइन शॉप से से ही शराब खरीदे मिलावटखोरों की शराब से आपकी जान को भी खतरा हो सकता है।

मुंबई में 31 के पहले कई लाखों की सस्ती शराब से महंगी शराब बनाने वाले एक गिरोह को एक्साइज विभाग ने गिरफ्तार किया जो एक छोटे से कमरे में शराब की फैक्ट्री चलाकर लाखों की रोजाना सस्ती शराब से महंगी शराब की खाली बोतलों में भरकर नया लेवल और हॉलमार्क इत्यादि लगाकर बाजार में कालाबाजारी कर रहे थे।

31 के लिए बड़े पैमाने पर करने वाले थे। न्यूज 24 ने एक्साइज विभाग के फ्लाइंग स्क्वॉड इंस्पेक्टर प्रकाश काले ने बातचीत के दौरान बताया कि धारावी इलाके की झोपड़पट्टी में 200 रुपये की शराब की बोतल से 5 हजार रुपये वाली रेड लेबल, ब्लैक लेबल और डबल लेबल के साथ चिवास रिगल जैसी महंगी शराब की खाली बोतलों को जमा कर इन लोगों ने नकली स्टीकर, हॉलमार्क, बुच लगाकर फिर से शराब की बोतलों में नकली शराब भरकर असली करके बेचने की कवायद शुरू थी।

मुंबई में जैसे ही 31 नजदीक आती है कालाबाजारियों की कालाबाजारी देखने को मिलने लगती है। सस्ती शराब से महंगी शराब बनाने वाले एक गोदाम को एक्साइज विभाग ने सील कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि मुख्य सरगना सुरेश भूरा वाघेला भागने में सफल रहा है। 31 के जश्न के पहले भारी मात्रा में सस्ती शराबों को महंगी शराब की खाली बोतलों में भरकर मुंबई के होटलों इवेंट पार्टी और कई प्राइवेट पार्टियों में शराब बेचते है। जो वाइन शॉप से कुछ कम की कीमत का होता है। लोग इसको सस्ता समझकर खरीद लेते है।

इलाके में छापेमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की विदेशी शराब की 165 खाली बोतलें, 117 विभिन्न प्रकार की विदेशी शराब के गुलदस्ते, 126 विभिन्न प्रकार की विदेशी शराब के ढक्कन, 40 विदेशी वोडका के कैप, विभिन्न ब्रांडों के विदेशी शराब लेबल, एक ड्रायर मशीन, तीन पैर की अंगुली, तीन कीप, एक मार्कर, तीन टूथब्रश, एक बैग और 12 बड़े प्लास्टिक के बोरे के साथ कुल 3,70,390/- रुपये की सामग्री को जब्त किया गया है।

यह गोवा और दमन की सस्ती शराब को महंगी शराब की बोतलों में भरकर ड्यूटी फ्री शराब के नाम पर बेचने की कोशिश करते है। वहीं मौके से मिली नकली शराब को स्पेलिंग कर एफएसएल जांच के लिए भिजवाई है।

आबकारी विभाग के आयुक्त कांतिलाल उमाप सुनील चव्हाण, मुंबई उपायुक्त, राज्य आबकारी, उषा वर्मा, निदेशक, महाराष्ट्र राज्य, मुंबई, सी.बी राजपूत, अधीक्षक, राज्य उत्पादन शुल्क, मुंबई शहर के मार्गदर्शन में, निरीक्षक, राज्य उत्पादन शुल्क, भरारी पथक के इंस्पेक्टर प्रकाश काले, विनोद शिंदे, प्रज्ञा राणे, अविनाश पाटील, आर.जे पाटील, असली शराब की खाली बोतलों में देशी शराब भरकर उस पर नकली असली की तरह दिखने वाले लेबल और ढक्कन लगाकर फिर से पैक करने वाले आरोपी कमलेश, प्रकाश और गणेश को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

Source: https://hindi.news24online.com/news/india/accused-who-sold-fake-liquor-bottle-foreign-liquor-arrested-celebration-new-year-bd3be65f/